दिनांकः 22.07.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

संसद का बजट सत्र आज से शुरू हो गया है। 12 अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में 16 बैठकें होंगी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन आज वित्तीय वर्ष 2023–24 का आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत करेंगी। वहीं कल केन्द्रीय बजट 2024–25 पेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कल पेश किये जाने वाला बजट अमृतकाल का महत्व्पूर्ण बजट होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट सरकार के इस कार्यकाल के पांच वर्ष की दिशा तय करेगा और यह 2047 के विकसित भारत अभियान के सपने की नींव बनेगा। संसद के बजट सत्र से पहले संसद से बाहर संवाददाताओं से बातचीत में श्री मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने फैसला दे दिया है और सभी राजनीतिक दलों को मिलकर अगले पांच वर्ष के लिए देश के लिए खडा होना चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि बजट सत्र देश की लोकतंत्र यात्रा का महत्वरपूर्ण गन्तव्य बनेगा।

....

शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि नीट–यूजी पेपर लीक का देश भर में केवल एक मामला पटना में सामने आया है। उन्होंने कहा कि सीबीआई मामले की जांच कर रही है और ये मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने विपक्ष के इन आरोपों का खण्डन किया कि देश में पेपर लीक की घटनाएं बार बार सामने आई हैं। इससे पहले विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ये मामला उठाते हुए आरोप लगाया कि देश की परीक्षा प्रणाली में बहुत गंभीर समस्या् है। उन्होंने कहा कि देश में लाखों विद्यार्थी परीक्षाओं और अपने भविष्य को लेकर चिन्तित हैं।

....

स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग आज से शिक्षा सप्ताह मना रहा है। 28 जुलाई तक चलने वाले सप्ताह का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के शैक्षिक सुधारों को विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों तक पहुंचाना है। इस दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इधर, भरतपुर में शिक्षा सप्ताह के तहत जिले के 966 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा तीन से 12वीं तक के बच्चों के मानसिक तनाव को दूर करने के साथ ही उनमें शिक्षा के महत्त्व की जानकारी देने के उद्देश्य से अलग–अलग कार्यक्रम किये जाएंगे। सप्ताह के पहले दिन आज स्कूलों में विषय वस्तु की सहायक सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस दौरान बच्चों ने मिट्टी से खिलौने बनाकर अपनी प्रतिभा का भी प्रदर्शन किया।

....

सावन माह के पहले सोमवार पर आज विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। जयपुर के ताडकेश्वर और झाड़खंड महादेव मंदिर में भगवान शिव का विशेष अभिषेक किया जा रहा है। सवाईमाधोपुर के शिवाड़ स्थित घुश्मेश्वर महादेव मंदिर में आज से सावन महोत्सव शुरू हो गया है। महीनेभर चलने वाले महोत्सव के तहत विभिन्न पूजा अभिषेक और अन्य धार्मिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। पाली के सोमनाथ मंदिर में भगवान शिव का फूल, धतूरा और बिल्वपत्र से विशेष श्रृंगार किया गया है। भरतपुर में सभी छोटे–बड़े शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ का दूध, गंगाजल, इत्र, फूलों और फलों से अभिषेक किया जा रहा है। कोटा में शहर के स्वयंभू नीलकंठ महादेव मंदिर, शिवपुरी धाम थेकड़ा, गोदावरी धाम, चंद्रेसल मठ, ऋण मुक्तेश्वर महादेव, भीतरीया कुंड, मोटे महादेव, गौ कर्णेश्वर महादेव मंदिरों में अनुष्ठान के आयोजन हो रहे हैं। जैसलमेर में सोनार दुर्ग स्थित रत्नेश्वर महादेव मंदिर में अलसुबह महादेव का अभिषेक किया गया। दौसा के प्रसिद्ध नीलकंठ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ के कारण मेले जैसा माहौल नजर आ रहा है। सावन की शुरूआत के साथ ही कावड़ यात्राएं भी शुरू हो गई हैं।

....

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर फिर से सक्रिय हुए मॉनसून के कारण पिछले 24 घंटों में पूर्वी राजस्थान में कुछ स्थानों पर और पश्चिमी राजस्थान में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश हुई। चित्तौड़गढ़ और

टोंक में कहीं–कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 71–71 मिलीमीटर बारिश चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा और टोंक के निवाई में रिकॉर्ड की गई। जोधपुर के बिलाड़ा में 56 मिलीमीटर पानी बरसा। इस बीच राजधानी जयपुर में आज घने बादल छाने के बाद कहीं–कहीं बरसात हुई।

....